भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 334
दिनांक 04.02.2020/15 माघ,1941 (शक) को उत्तर के लिए

अर्द्ध सैनिक बलों हेतु आधुनिक उपकरण

† 334. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अर्द्ध सैनिक बल देश में वर्तमान सुरक्षा स्थिति का सामना करने के लिए पूर्णतः सुसज्जित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में किसी आतंकी और अन्य सुरक्षा स्थिति का सामना करने के लिए अर्द्ध सैनिक बलों को अति-आधुनिक उपकरण प्रदान करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : जी, हां। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) /असम राइफल्स (एआर) /राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को देश में किसी भी सुरक्षा स्थिति से निपटने के लिए उनकी ऑपरेशनल आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित करना एक अनवरत प्रक्रिया है। सीएपीएफ/एआर/एनएसजी को उनके आधुनिककरण और नवीनतम अत्याधुनिक हथियार, परिधान, विशिष्ट वाहन और उपकरण प्राप्त करने के लिए निधियां आबंटित की गई हैं।

(ग) और (घ) : बलों की आवश्यकताएं लगातार बदल रही हैं और बलों की आवश्यकता के मूल्यांकन के अनुसार सरकार द्वारा उन्हें पूरा करने के सतत प्रयास किए जाते हैं।

******